कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय, बलिया

आवश्यक सूचना

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा–22 बी के अन्तर्गत इस जनपद बलिया में नव गठित न्यायालय स्थाई लोक अदालत हेतु माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के आदेशानुसार निम्न कर्मचारियों **(एक आशुलिपिक, एक पेशकार व एक चपरासी)** की **जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों** में से अधिकतम 02 वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय पर अनुबन्धित किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, आवेदन पत्र इस पत्र के साथ संलग्न है।

विवरण निम्नवत है:–

कमांक	**पदनाम**	**पदों की संख्या**	**मासिक पारिश्रमिक की धनराशि (रू0 में)**
1	आशुलिपिक	01 (एक)	जिला न्यायालय अथवा कलक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकतम 02 वर्ष के लिए, निर्धारित मानदेय रू0 9,000/– प्रतिमाह पर अनुबन्धित कार्य कराया जायेगा।
2	पेशकार	01 (एक)	जिला न्यायालय अथवा कलक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकतम 02 वर्ष के लिए, निर्धारित मानदेय रू0 9,000/– प्रतिमाह पर अनुबन्धित कार्य कराया जायेगा।
3	चपरासी	01 (एक)	जिला न्यायालय अथवा कलक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकतम 02 वर्ष के लिए, निर्धारित मानदेय रू0 7,000/– प्रतिमाह पर अनुबन्धित कार्य कराया जायेगा।

उपरोक्त पदों पर नियुक्तियां पूर्णतया अस्थाई रूप से की जायेगी जो किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। उक्त पदों पर नियुक्त कर्मचारियों को उपरोक्तानुसार नियत वेतन **(बिना किसी अन्य विशेष वेतन एवं भत्तों के)** देय होगा।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी जिसकी उम्र विज्ञापन की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो और वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से कार्य करने के लिए सक्षम हो, अपना आवेदन–पत्र पूर्ण विवरण सहित दिनांक 08.06.2023 को समय 01:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए0डी0आर0 भवन, दीवानी न्यायालय, बलिया के कार्यालय में प्राप्त करा सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

दिनांक– 22.05.2023

(नरेन्द्र पाल राणा)

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

दीवानी न्यायालय, बलिया।

न्यायालय स्थाई लोक अदालत, ए0डी0आर0 भवन,

दीवानी न्यायालय, बलिया

आशुलिपिक/पेशकार/चपरासी पद हेतु

आवेदन–पत्र

1	पद का नाम	
2	आवेदक/आवेदिका का नाम	
3	पिता/पति का नाम	
4	स्थायी पता मय दूरभाष/मोबाइल नम्बर	
5	वर्तमान पता	
6	निकटतम पुलिस स्टेशन	
7	जन्मतिथि	
8	शैक्षणिक योग्यता (स्व0 हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र संलग्न करें)	
9	अन्य योग्यता	
10	सेवानिवृत्ति का दिनांक	
11	सेवानिवृत्ति का विभाग	
12	सेवानिवृत्ति का पद	
13	आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक/विभागीय जॉच लंबित है अथवा नही, यदि है तो पूर्ण विवरण	

आवेदनकर्ता पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो यहां चिपकाये

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

मैं .... सत्यापित करता/करती हूँ कि प्रार्थना पत्र में अंकित उपरोक्त सभी तथ्य मेरी जानकारी में सत्य है।

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर